सिंगापुर–जापान की 33 कंपनियों के शीर्ष प्रतिनिधियों से मिलेंगे सीएम

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ : उत्तर प्रदेश को मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर और जापान के चार दिवसीय दौरे पर रविवार को रवाना होंगे। वह 23 व 24 फरवरी को सिंगापुर और 25 व 26 फरवरी को जापान प्रवास के दौरान 33 वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर प्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विस्तार के नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। रविवार को ही उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य यूके और जर्मनी के दौरे पर जाएंगे।

इस दौरे में मुख्यमंत्री जी-टू-बी (गवर्नमेंट टू बिजनेस) और गोल मेज बैठकों के जरिये निवेशकों से सीधा संवाद करेंगे। सिंगापुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री 25 कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे। गूगल और एसटीटी ग्लोबल जैसे निवेशकों के साथ डाटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर, जापफा ग्रुप और ओलम इंटरनेशनल के साथ एग्रीबिजनेस, मैपलट्री और एआइ सैट्स संग लाजिस्टिक्स नेटवर्क तथा एवीपीएन, जीएससी ग्रीन्स व ईडीपीआर सनसीप संग क्लीन व सौर ऊर्जा निवेश पर चर्चा होगी। ग्रीनफील्ड वेंचर्स व ड्रीमट्रस्ट संग हास्पिटैलिटी व थीम पार्क, यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप संग पैकेजिंग, सेम्बकार्प संग इंडस्ट्रियल पार्क व सिंगापुर एयरलाइंस इंजीनियरिंग कंपनी संग एविएशन क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। टेमासेक, जीआइसी व ब्लैकस्टोन जैसे वैश्विक निवेश फंड्स के साथ पूंजी निवेश, जबकि फुलर्टन फाइनेंशियल, डीबीएस बैंक व वर्टेक्स वेंचर्स संग फिनटेक व स्टार्टअप सहयोग पर भी बातचीत होगी। जापान प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री आठ प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों से भेंट करेंगे।

पूरी खबर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें